<u>संदेश</u>

ईद-उज़-ज़ुहा के अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेषकर हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को मुबारकबाद देता हूं और उनकी बेहतरी की दुआ करता हूं।

ईद-उज़-ज़ुहा प्रेम, त्याग और बलिदान की भावना के प्रति आदर व्यक्त करने और समावेशी समाज में एकता और भाईचारे के लिए मिलकर कार्य करने का त्योहार है।

ईद का त्योहार अपनी खुशियों को साझा करने का और गरीबों व बेसहारा लोगों की भरपूर मदद करने का अवसर भी होता है।

आइए, हम सब मिलकर कोविड महामारी से बचाव के उपाय अपनाते हुए, समाज के हर वर्ग की खुशहाली और भलाई के लिए काम करने का संकल्प लें।

****